भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1759
मंगलवार, 03 अगस्त, 2021/12 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'प्रसाद' योजना में सरकारी निजी भागीदारी

1759. श्री प्रशांत नन्दा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सरकारी निजी भागीदारी मॉडल का अनुकरण किया है;

(ख) यदि हां, तो ओडिशा राज्य सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकारी निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत चलाई जा रही परियोजनाओं की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): "प्रशाद" योजना के अंतर्गत परियोजनाओं का शत प्रतिशत वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है तथापि योजना दिशा-निर्देशों में केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा जारी अन्य विकास कार्यकलापों के साथ समन्वयन की अनुमति दी गई है I इस योजना में परियोजनाओं के बेहतर स्थायित्व के लिए और सृजित सुविधाओं के प्रचालन, रखरखाव तथा निर्वहन के लिए उपयुक्त सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) का प्रावधान है I

*****